# कार्यालय -- सहायक प्रबन्धक (कार्मिक)

## ग्लोबटेक क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय - गोपाल नगर, सिसवा बाज़ार, जनपद- महराजगंज (उ०प्र०) - २७३१६३

GLOBETECH/SBZ/EMPLOYEE/NOTICE/L.NO.-16482 16-03-2023

**स्पष्टीकरण पत्र**

**सेवा में,** पंजीकृत डाक/ई-मेल/वाट्सएप द्वारा प्रेषित।



MR SANJAY
S/O RAM LAKHAN
SUNAARI BHADRI
BHADRI
BHADRI - 230201
PRATAPGARH, UTTAR PRADESH
7318023750

**विषय -** विभागीय/कंपनी के निर्देशों का उलंघन करते हुए विद्युत् आपूर्ति बाधित कर धरने में शामिल होने एवं स्वेच्छा से कार्य कर रहे निविदाकर्मियों को डराने व धमकाने पर की गई कार्यवाही के संबंध में।

**महोदय,**

आपकी तैनाती हमारी कंपनी में दिनांक 01-02-2023 से है। वर्तमान में आप KUNDA (GRAMIN) में MAINTENANCE कार्यहेतु SKILLED श्रेणी के पद पर कार्यरत है। उपरोक्त विषयक "विभागीय/कंपनी के निर्देशों का उलंघन करते हुए विद्युत् आपूर्ति बाधित कर धरने में शामिल होने एवं स्वेच्छा से कार्य कर रहे निविदाकर्मियों को डराने व धमकाने पर की गई कार्यवाही के संबंध में।" दिनांक 16-03-2023 से आपके सभी कार्यों व अधिकारों पर रोक लगा दी गयी है। उपरोक्त विषयक पर अपना स्पष्टीकरण दिनांक 17-03-2023 तक प्रस्तुत करें की क्यूँ न आपकी सेवा समाप्त कर दिया जाए।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि यदि आप तय समयसीमा में बिना किसी गंभीर कारण के अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करतें है तो आपके ऊपर नियमानुसार अनुशासनात्मक / दण्डनात्मक कार्यवाही कि जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**संलग्नक** -

1. प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या-326 दिनांक -16-03-2023 की प्रति।

**भवदीय**

अंकित रावत

**अंकित रावत**
**कृते-सहायक प्रबन्धक (कार्मिक)**

**प्रतिलिपि** - सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पंजीकृत डाक/ई-मेल/वाट्सएप द्वारा प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय जनपद- बलिया।
2. प्रबंध निदेशक/निदेशक(का.एवं प्रशा.) पूर्वांचल विद्युत वितरण नि०लि० वाराणसी को अग्रिम कार्यवाही हेतु
3. अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल बलिया।
4. सर्किल हेड ग्लोबटेक क्रिएशन्स प्रा0 लि0 जनपद- बलिया

**भवदीय**

**अंकित रावत**
**कृते-सहायक प्रबन्धक (कार्मिक)**

पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0
उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम
विद्युत नगर, भिखारीपुर, पत्रालय – ब0रे0का0
वाराणसी – 221004
e.mail-spo1varanasi@gmail.com

पत्रांक : /पू0वि0वि0नि0लि0 (वा)/का0 अनु0/ दिनांकः– .03.2023

## कार्यालय ज्ञाप

एतदद्वारा विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिती उ0प्र0 द्वारा बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ताओं की कतिपय मांगों को लेकर दिनांक 20.02.2023 से चरणबद्ध जन–जागरण रैली एवं मशाल जुलूस तथा दिनांक 16.03.2023 की रात्रि 10:00 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति सामान्य बनाये रखने हेतु निम्नवत आदेशित किया जाता है –

1. कार्यबहिष्कार/हड़ताल की अवधि में उपकेन्द्रों/वितरण लाइनों के अनुरक्षण एवं परिचालन का कार्य कर रहे निविदाकर्मियों को कारपोरेशन मुख्यालय द्वारा जारी आदेश सं0–3029–औ0सं0/2020–26 (02)ए0एस0/06 दिनांक 12.10.2020 में दिये गये आदेश के आलोक में किसी भी संविदा श्रमिक को सम्बन्धित विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक से बिना अनुमोदन प्राप्त किये आउटसोर्स एजेन्सी को वापस नहीं किया जायेगा एवं उपरोक्त संविदाकर्मियों को कार्यबहिष्कार/हड़ताल की अवधि में वापस किये जाने के निर्णय में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित संविदाकर्मी के निष्ठापूर्वक कार्य करने से सम्बन्धित रिपोर्ट को भी संज्ञान में लिया जायेगा जिससे कि कार्यबहिष्कार/हड़ताल की अवधि में निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले निविदाकर्मियों के साथ किसी प्रकार का अनुचित कार्यवाही/दुर्व्यवहार न हो सके।

2. कार्यबहिष्कार में शामिल निविदाकर्मियों को सम्बन्धित कार्यदायी संस्था द्वारा तत्काल कार्य से हटाकर रिजर्व निविदाकर्मियों को उनके स्थान पर तैनात किया जाये एवं निविदाकर्मियों को कार्यदायी संस्था को वापस किये जाने हेतु सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता एवं मुख्य अभियन्ता (वितरण) के माध्यम से प्रबन्ध निदेशक को कार्योत्तर अनुमोदन हेतु प्रेषित किये जाये। साथ ही कार्यबहिष्कार में प्रतिभाग करने वाले निविदाकर्मियों को भविष्य में किसी भी कार्यदायी संस्था के माध्यम से कार्य पर पुनः नियोजित नहीं किया जायेगा।

**उक्त आदेश अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगा।**

(शम्भू कुमार)
प्रबन्ध निदेशक

पत्रांक : 326 / पू0वि0वि0नि0लि0 (वा)/का0 अनु0/ दिनांक 16.03.2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
2. निदेशक(वाणिज्य/तकनीकी/वित्त), पू0वि0वि0नि0लि0, डिस्काम वाराणसी।
3. वरिष्ठ सलाहकार (का0प्र0 एवं प्रशा0), पू0वि0वि0नि0लि0, डिस्काम वाराणसी।
4. समस्त मुख्य अभियन्ता, अन्तर्गत पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0।
5. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत भण्डार मण्डल/कार्यशाला मण्डल/वितरण मण्डल/कार्य मण्डल/प्रशासन, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0।
6. समस्त अधिशासी अभियन्ता, अन्तर्गत पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0।

(एस0 के0 मिश्रा)
मुख्य अभियन्ता (प्रशासन)

GLOBETECH
CREATIONS PVT. LTD.
CIN:U70109UP2018PTC110502
AN ISO CERTIFIED

Ref: GCPL/SBZ/INFORMATION/LT.NO-837

Date: 17 MAR 2023

# सूचना

विद्युत वितरण मण्डल प्रतापगढ़ के अधीन हमारे द्वारा अनुरक्षण एवं परिचालन कार्य हेतु तैनात किये गये ऐसे निविदाकर्मी जिनके द्वारा कम्पनी मुख्यालय से जारी सूचना सं0–GCPL/SBZ/INFORMATION/LT. NO.822 दिनांक 15–03–2023, सूचना सं0–GCPL/SBZ/INFORMATION/LT. NO.831 दिनांक 17–03–2023 एवं प्रबन्ध निदेशक महोदय, पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी के पत्रांक सं0–326/पू0वि0वि0नि0लि0 (वा0)/का0अनु0/दिनांक 16–03–2023 के निर्देशों की अवहेलना की गयी है। उनकी सेवा समाप्ती तत्काल प्रभाव से कर दी गयी है (सूची पत्र के साथ संलग्न है)। निष्कासित समस्त निविदाकर्मियों से किसी भी प्रकार का कोई कार्य न लिया जाय। उनके स्थान पर तैनात किये गये नये निविदाकर्मियों से ही कार्य लिया जाय।

भवदीय

Globetech Creations Pvt. (Ltd.) Maharajganj (U.P.) Gopal Nagar, Siswa Bazar

(दुर्गेश शाही)
अधिकृत हस्ताक्षरी
मो0नं0– 7411057771

**प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ई–मेल द्वारा प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक, पू0वि0वि0नि0लि0, विद्युत नगर, भिखारीपुर, वाराणसी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना चाहें।
2. निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी।
3. जिलाधिकारी महोदय, जनपद–प्रतापगढ़ को इस आशय से प्रेषित कि पत्र के साथ संलग्न कर्मियों की सूची के अनुसार सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं आवश्यक सेवाओं को बाधित करने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
4. मुख्य अभियन्ता (वि0), प्रयागराज।
5. अधीक्षण अभियन्ता, वि0वि0मं0 प्रतापगढ़।
6. अधिशासी अभियन्ता, वि0वि0खं0 प्रतापगढ़ प्रथम, प्रतापगढ़ द्वितीय, लालगंज एवं रानीगंज।
7. श्री रोहित प्रताप सिंह मो0नं0–8707821974 एवं श्री ललित त्रिपाठी मो0नं0–8737811508 (क्षेत्रीय सुपरवाइजर, ग्लोबटेक क्रिएशंस प्रा0लि0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नये निविदाकर्मियों से सावधानीपूर्वक कार्य लेना प्रारम्भ करें।

भवदीय

(दुर्गेश शाही)
अधिकृत हस्ताक्षरी